हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



## अपार जनसमर्थन और ऐतिहासिक विजय के लिए
# हृदयतल से आभार

मैं, अरुण सार्वा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से 15,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि आप सभी मतदाताओं के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद की जीत है।

## कृतज्ञता के भाव के साथ

☆ भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तर के समस्त वरिष्ठ नेताओं एवं मार्गदर्शकों का हृदय से धन्यवाद, जिनकी दूरदृष्टि और सशक्त नेतृत्व ने इस जीत को संभव बनाया।

☆ पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष आभार, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर इस संघर्ष को विजय में बदला। आपकी निष्ठा और परिश्रम से यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हो सकी।

☆ क्षेत्र की जागरूक जनता एवं मतदाताओं का कोटि-कोटि धन्यवाद, जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मुझे अपने अमूल्य मतों से नवाजा।

☆ मीडिया कर्मियों का हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने निष्पक्ष और सटीक सूचना प्रसार कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया।

**यह जीत जनता की है, यह जीत विकास की है!**

मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि
आपके स्नेह और समर्थन से अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास
और जनता की सेवा में सदैव समर्पित रहूँगा।

"आपका आशीर्वाद, हमारी ताकत
क्षेत्र का विकास, हमारी प्रतिबद्धता!"



सादर प्रणाम
# अरुण सार्वा
नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र क्र. 12, जिला धमतरी
एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी

### महाशिवरात्रि पर सेमरा में ध्रुव गोंड समाज ने आयोजित किया स्नेह मिलन समारोह

# शिक्षा, स्वावलंबन और संगठन समाज की असली ताकत : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



महाशिवरात्रि पर ग्राम सेमरा में ध्रुव गोंड समाज के तत्वावधान में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। समाज की एकता और समृद्धि पर विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम रहीं। अध्यक्षता समाज अध्यक्ष रोहित नेताम ने की। विशेष अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य हनीफ अली, नवनिर्वाचित सरपंच कविता ध्रुव, पूर्व सरपंच श्रवण ध्रुव, संतराम मरकाम, टीकम गंगेश, भानेन्द्र ठाकुर, भूषण साहू, विनय देवांगन, हेमंत देवांगन, खेमराज सेन, पप्पू देवांगन, पवन यादव थे।

इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है। आज का युग तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है और हमें भी इस प्रवाह में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना होगा। शिक्षा, स्वावलंबन और संगठन ही समाज की शक्ति है। समाज के उत्थान के लिए हमें अपने बच्चों को शिक्षित करने, स्वरोजगार को अपनाने और सामाजिक एकता को बनाए रखने की आवश्यकता है। आगे कहा कि ध्रुव गोंड समाज की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देती है। हमें अपने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे लाना होगा, ताकि समाज सभी क्षेत्र में नेतृत्व कर सके।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि समाज को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और युवाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना चाहिए। विधायक ने समाज को आश्वस्त किया कि विकास की दिशा में समाज की हरसंभव सहायता की जाएगी।

# सांकरा में बह रही है राम नाम की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

■ आज होगा मानसगान सम्मेलन का समापन



ग्राम सांकरा में राज्यस्तरीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन आदर्श बाल मंडली महादेवपारा सांकरा, बाल मंडली गौरी शंकर चौक सांकरा, शिव समान मानस परिवार बोरझरा, राम दरबार मानस परिवार चितमखार, मुरली मनोहर मानस परिवार चिंगरौद, बाल मंडली महावीरपारा सांकरा, जयशंकर मानस परिवार चिखली श्री राम मानस परिवार पिपरहट्टा गरियाबंद की मंडलियों ने प्रस्तुति दी। मानस मंडलियों ने प्रभु श्रीराम का गुणगान कर श्रद्धालुओं को उनके बताए आदर्श पर चलने का आह्वान किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के नाम का गुणगान करने से इस भवसागर को पार किया जा सकता है।

आज 28 फरवरी को मानसगान सम्मेलन का समापन होगा। इस दिन श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूल पारा सांकरा, बाल मंडली कोड़मुरपारा सांकरा, जय मां कर्मा महिला मानस परिवार फरसियां, जय बजरंग मानस परिवार हरदुवा, शोर संदेश मानस परिवार खैरझिटी, बाल मंडली शंकर नगर सांकरा, मंगल माधुरी महिला मानस परिवार गुरामी राजनांदगांव, श्री आराधना बालिका मानस परिवार बालोद की प्रस्तुति होगी।

इस अवसर पर आचार्य पं. उदेभानु दीवान, पं. रेवाप्रसाद तिवारी, अध्यक्ष सुरेश साहू मानस सम्मेलन समिति सांकरा, उपाध्यक्ष गिरवर भंडारी, शिवशंकर चौरसिया, कृपाराम, मनोज कश्यप, महेश साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा, कोषाध्यक्ष तीरथराम साहू, सहसचिव छगनलाल साहू, पूनम सिन्हा, लव साहू, पूरनलाल साहू, बंशीलाल ध्रुव, उदेराम साहू, जन्मेजय साहू, रोशन साहू, बिशालराम ध्रुव, भरोसा साहू, रामदास मानिकपुरी, भूपेंद्र बनपेला, गजेन्द्र सोनबोईर, ओंकार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति ने मेडिकल रिलीफ फंड से दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड की पंजीकृत सदस्य मधुमिता विश्वास शिक्षिका शामा शाला गणेशपुर के आश्रित के लंबे समय से अस्वस्थ होने पर पंद्रह हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संघ के ब्लाक संयोजक डामेन्द्र साहू, दुष्यंत देवांगन, मुकेश कुमार साहू, बैंक प्रतिनिधि रमेश चंद्राकर, टोवेंद्र बैस, रविन्द्र कुमार दीवान, कृष्ण कुमार साहू, गणेश राम साहू, गीता गायकवाड़, प्रयागराज ठाकुर, हेमेंद्र साहू उपस्थित थे।

# नवाडीह स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

■ स्कूली बच्चों ने निकाली कलशयात्रा, गौरा तालाब से पवित्र जल लाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम राजपुर के शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह स्कूल में शाला विकास प्रबंधन समिति एवं जनसहयोग से ज्ञान की देवी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने कलश यात्रा निकाली गई तत्पश्चात गौरा तालाब से जल लेकर कार्यक्रम स्थल लाया गया। पंडित मुकेश प्रसाद दुबे ने विधि विधान से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की। शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों को न्योता भोजन में खीर पूड़ी खिलाई।

प्रधानपाठक बीएल अग्निवंशी, मोहनलाल साहू ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती का वास होने से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है। पढ़ाई प्रारंभ से पहले मां सरस्वती की स्तुति करनी चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक बिष्णुराम साहू, शिक्षक प्रमोद डडसेना, सियाराम साहू, कैलाश ध्रुव, शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा, हेमपुष्पा साहू, देवनारायण साहू, लेखराम सिन्हा, हेमंत यादव, यादराम साहू, केदार, पवन निषाद, हिरामन, डॉ तुमेश साहू, योगिनी सिन्हा, पंच तारा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भक्ति का मतलब सद्गुरु पर समर्पण का भाव : सुधाकर दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

■ गणेशपुर में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन



ग्राम गणेशपुर में आयोजित सदगुरु कबीर सत्संग समारोह के तीसरे दिवस प्रमुख वक्ता सुधाकरदास शास्त्री साहेब ने भक्ति को विस्तार से बताया। परमात्मा को पाने का दो ही मार्ग है प्रथम भक्ति दूसरा ध्यान। भक्ति का मतलब सद्गुरु पर समर्पण का भाव अर्थात अपना पूरा जीवन सद्गुरु के चरणों में न्योछावर कर देना है। संतों के सानिध्य से हमारे जीवन में प्रकाश की बढ़ोतरी होती है। संतों के तप, ध्यान व साधना से जीवन प्रकाशवान बन जाता है। सत्संग का मतलब अपने जीवन में किन्ही विशिष्ट महापुरुषों का एक भी शब्द हमारे जीवन में उतर जाए और हमारे अंदर कोई परिवर्तन आ जाय यही सत्संग की महिमा है। सत्संग का मतलब मन का भजन है। इस आयोजन के संयोजक डॉक्टर ललित कुमार निषाद, विनायक परिवार एवं ग्रामवासी हैं।

मौके पर कुंतीबाई साहू, अंजनीबाई ध्रुव, सरस्वतीबाई साहू, कांति साहू, पंचबाई साहू, सुमित्राबाई साहू, छन्नीबाई साहू, दुर्गाबाई पिंजरा, फुलेश्वरी पिंजरा, साध्वी सुमन साहेब, साध्वी सरिता साहेब, साध्वी राधा साहेब, साध्वी सुचेता साहेब, साध्वी माधुरी साहेब, साध्वी सबिति साहेब, साध्वी ललिता साहेब सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# नपं के पूर्व उपाध्यक्ष ने 15 कुर्सियां भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए अपनी स्वमद राशि से 10 लोहे की एवं 5 सीमेंट की कुर्सियां विभिन्न समाज और सार्वजनिक स्थलों को भेंट की। महाशिवरात्रि के दिन अजय नाहटा ने यादव समाज, साहू समाज, निषाद समाज, सतनामी समाज, जैन समाज, हल्बा समाज, ध्रुव समाज, दंतेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर (वार्ड क्रमांक 8, बरगद चौक, नाहटा चौक) को लोहे की कुर्सियां भेंट कीं। इसके अलावा मुक्तिधाम में तीन सीमेंट की कुर्सियां और गांधी बाल उद्यान में दो सीमेंट की कुर्सियां स्थापित की। कार्यक्रम में पार्षद अश्वनी निषाद वार्ड क्रमांक 11, दीनदयाल सरपा, प्रदीप निषाद, सौरभ नाग, विकास सोनी, तरुण साहू, यशवंत सोम, शंकर देव, अंबिका ध्रुव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी समाज प्रमुखों ने नगर सेवा और समाज कल्याण के प्रति अजय नाहटा के योगदान की सराहना की। उनकी इस पहल से समाज को एकजुटता और सहयोग की प्रेरणा मिली है।

# निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 1 व 2 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

■ सामुदायिक निषाद भवन का लोकार्पण भी होगा

छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर जिला धमतरी का वार्षिक महासभा सम्मेलन 1 व 2 मार्च को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है।

1 मार्च को शुभारंभ एवं दीप प्रज्ज्वजन के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छग शासन होंगे। अध्यक्षता फगनूराम निषाद अध्यक्ष 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज धमतरी, हरकराम निषाद उपाध्यक्ष जिला निषाद समाज, खुमान निषाद पूर्व कोषाध्यक्ष जिला निषाद समाज, शंभू निषाद कोषाध्यक्ष जिला निषाद समाज, प्रकाश निषाद पूर्व उपाध्यक्ष पाली देवपुर, शत्रुघ्न निषाद पूर्व सरपंच भंवरमरा, एनकुमारी चंदू निषाद पूर्व सरपंच लड़ेर एवं पाली परिक्षेत्र के पदाधिकारी होंगे।

2 मार्च को सामुदायिक निषाद भवन के लोकार्पण के मुख्य अतिथि एमआर निषाद संरक्षक छग निषाद समाज होंगे। अध्यक्षता फगनूराम निषाद अध्यक्ष पाली देवपुर करेंगे। विशेष अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छग, विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज, संतोषी निषाद उपाध्यक्ष जिला निषाद समाज, शंभू निषाद कोषाध्यक्ष जिला निषाद समाज, मनराखन निषाद जिला संगठन सचिव, टेकराम निषाद जिला अंकेक्षक व उपाध्यक्ष पाली देवपुर, चेतन यदु सरपंच देवपुर, मोहनंदनी गोपी कश्यप सरपंच ढीमरटिकुर नवागांव होंगे।

महासम्मेलन में कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, आदर्श विवाह, सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। यह जानकारी पाली संरक्षक सागर निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग 28 मार्च तक प्रतिबंधित

■ हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा एक मार्च से 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी। उक्त अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से परीक्षा एवं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन एवं विद्यार्थियों की परीक्षाओं की तैयारी में व्यवधान न हों, इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धमतरी जिला क्षेत्र अंतर्गत 28 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यांत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने की अनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अधीन देंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### ढालेश्वरी जरवायडीह की सरपंच बनीं, दो मत से जीती



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत जरवायडीह का चुनाव परिणाम रोमांचक रहा। 2 मत के अंतर से ही सरपंच का चुनाव हुआ है। पहले 2 मत से विजयी होने की खबर के बाद प्रतिद्वंदी उम्मीदवार ने पुनः गणना करवाई, फिर भी ढालेश्वरी चंदूलाल पाल के पक्ष में रिजल्ट आया। रोचक बात यह भी है कि 15 वार्ड में से 12 वार्ड में पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बाकी 3 वार्ड में मतदान हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगह पर भाजपा समर्थित प्रत्यशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है। जरवायडीह के चुनाव मैदान में 2 प्रत्याशी सुषमा नवदीप चंद्राकर एवं ढालेश्वरी चंदूलाल पाल थीं। ढालेश्वरी पाल को 507 वोट मिले। वह 2 वोट से विजयी रही। सरपंच सहित पंचों का ग्रामीणों ने ऐतिहासिक स्वागत किया।

■ 15 वार्डों में से 12 वार्ड में पंच निर्विरोध चुने गए, 3 वार्ड के लिए हुआ मतदान

### रूक्मणी बनीं बरबांधा की सरपंच, विजय रैली में उमड़ी भीड़



**नगरी।** ग्राम पंचायत बरबांधा में सरपंच पद पर श्रीमती रूक्मणी मरकाम ने जीत दर्ज की। जीत के बाद पूरे गांव में जश्न का माहौल रहा। विजय रैली निकाली गई। इस चुनाव में दो प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी नेताम और श्रीमती रूक्मणी मरकाम थीं। बरबांधा के जागरूक मतदाताओं ने अपने वोट का सही इस्तेमाल करते हुए शिक्षित और विकासशील नेतृत्व को प्राथमिकता दी। जनता ने 300 मतों के बड़े अंतर से श्रीमती रूक्मणी मरकाम को विजयी बनाया। जीत की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में उत्साह देखा गया। डीजे की धुन पर झूमते, नाचते-गाते ग्रामीणों ने विजय रैली निकाली। इस जीत पर श्रीमती रूक्मणी मरकाम ने कहा कि यह जीत पूरे गांव की है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया है, मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगी। मौके पर श्रीमती सुशीला देवी मरकाम, सोहद्रा नेताम, बीजूराम नेताम पंच, सुरेश नेताम, जागेश्वर नेताम, राजकुमार विश्वकर्मा पंच, श्रीमती कुमारीबाई, सरजू नेताम, महेश नेताम, सोहनलाल कोर्राम, विजय कोर्राम, शिवराज नेताम, कमलेश मरकाम, रंजीत मरकाम, पुरुषोत्तम नेताम, संतोष मरकाम, शोभित मरकाम, नवल मरकाम, दिलीप पटेल, देशी नेताम, नारायण नेताम, कृष्ण पटेल, राधे यादव, सुकधर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### जनता की उम्मीद पर खरा उतरने पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी



**नगरी।** जनपद पंचायत क्रमांक 11 से निर्वाचित जनपद सदस्य भुवनेश्वरी घृतलहरे की जीत पर विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस सुबह 9 बजे अटल चौक देवपुर से निकला, जो छिपलीपारा, पंडरीपानी, देऊरपारा, सिरसिदा, रावनसिघी, बोधसेमरा, बिरनपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए देवपुर में संपन्न हुआ। इस दौरान समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस ऐतिहासिक जीत पर भुवनेश्वरी ने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि सभी कार्यकर्ताओं, मतदाताओं और भाजपा की विचारधारा पर विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति की जीत है। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस के कुशल मार्गदर्शन, जनपद पंचायत नगरी चुनाव प्रभारी अकबर कश्यप एवं सह प्रभारी मोहन नाहटा की सटीक रणनीति, भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के अटूट विश्वास से जीत मिली है। उन्होंने आगे कहा कि मैं जनता की हर उम्मीद को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी। इस विजय जुलूस में जनपद चुनाव प्रभारी नीलम साहू, बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा, रमेश साहू, युमेश साहू, भानेन्द्र पटेल, गजाधर नेताम, तरुण नेताम, नन्नू सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, संजय सिन्हा, सोभराय, फागुराम, शकुंतला बाई, चंद्रिका साहू, जुगुन बाई, गोदावरी, उर्मिला ध्रुव, सुशील ध्रुव अन्य उपस्थित थे।

■ जनपद सदस्य भुवनेश्वरी का विजय जुलूस निकला, कार्यकर्ताओं ने बांटी खुशियां

### उमरगांव में कलशयात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**नगरी।** ग्राम उमरगांव के बाजार चौक रंगमंच में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एवं शाम 3 बजे से 5 बजे तक होगी। कथा प्रवक्ता पंडित जय शर्मा कुरना कांकेर महाराज हैं। पहले दिन कलश यात्रा, भागवत स्थापना, गौकर्ण पूजा, दूसरे दिन सती चरित्र, भरत चरित्र, अवतार, तीसरे दिन नरसिंह अवतार, अजामिल चरित्र, चौथे दिन समुद्र मंथन, श्री कृष्ण अवतार, पांचवें दिन बाल लीला, दही लूट, रुक्मणी विवाह, छठवें दिन जरासंध वध, श्री कृष्ण सुदामा प्रसंग, सातवें दिन तुलसी वर्षा, गीतापाठ, शोभा यात्रा, हवन पूजन होगा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Pride of Dhamtari
सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी — निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध — 94063-16777, 73890-66777
शांतिपुर पुरूर — सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार नहीं हो रहा, नई घोषणाएं, शिलान्यास, उद्घाटन का काम रूका

# चुनाव के तेरह दिन बाद भी महापौर, पार्षदों ने नहीं ली शपथ, जनता को नई सरकार का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी में महापौर और पार्षदों के चुनाव को 13 दिन बीत गया है। इसके बाद भी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शपथ नहीं ली है। शासन की ओर से भी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। नोटिफिकेशन कब जारी होगा इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इधर शहर की आम जनता को नई सरकार का बेसब्री से इंतजार है।

चुनाव में भाजपा के अधिकृत महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा निर्वाचित हुए हैं। वहीं शहर के 40 वार्डों में से 27 वार्ड से भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। कांग्रेस को महज 8 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा जबकि पिछले चुनाव में कांग्रेस को 20 सीटें मिली थीं। अच्छे परफार्मेंस की कमी के चलते कांग्रेस पार्टी 8 सीटों पर ही सिमट गई।

निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण नहीं होने से निगम का कामकाज प्रशासक ही सम्हाल रही हैं। बुनियादी सुविधाएं व बड़े प्रोजेक्ट के लिए निर्वाचित पार्षदों और महापौर की अनुमति जरूरी है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण सभी नेताओं के हाथ-पैर बंधे हुए हैं। नई घोषणाएं नहीं हो रही हैं।

जनता की आवाज निगम और शासन-प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही है। विकास कार्यों का शिलान्यास, उद्घाटन नहीं हो पा रहा है। जनता इस इंतजार में बैठी है कि कब सरकार बैठे तो विकास कार्यों का पुलिंदा निगम शासन को सौंपे। निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी यही चाहते हैं कि कार्यभार ग्रहण के बाद विकास कार्यों के लिए पुरजोर प्रयास करना है। निर्वाचित पार्षद, निगम प्रशासन भी शपथ की तारीख नहीं बता पर रह हैं। चुनाव बीत गया, आदर्श आचार संहिता भी शून्य हो गई। अब शपथ ग्रहण कब होगा यह संशय की स्थिति में है।



#### नेता प्रतिपक्ष की रेस में योगेश, दीपक

निगम में इस बार विपक्ष में कांग्रेस बैठेगी, यह तय है। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष बनने कांग्रेस पार्टी से दो दावेदार दिख रहे हैं। रिसाईपारा पश्चिम के पार्षद योगेश लाल व महिमासागर वार्ड के पार्षद दीपक सोनकर का नाम चल रहा है। दोनों में किसके नाम पर मुहर लगेगी, यह पार्टी तय करेगी। बहरहाल दोनों कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ हैं। निष्ठावान कार्यकर्ता होने के साथ-साथ पार्षद कार्यकाल का अच्छा अनुभव है। दीपक सोनकर तीसरी बार पार्षद बने हैं तो वहीं योगेश लाल दूसरी बार पार्षद बनकर जनता की सेवा कर रहे हैं।

#### सभापति के लिए ऊंची पहुंच



निगम में भाजपा के महापौर और 27 पार्षदों के निर्वाचित होने के बाद सभापति भाजपा से ही बनना तय है। इसके लिए 6 से 7 पार्षद कतार में हैं। जानकारी के मुताबिक सभापति किसी वरिष्ठ व उच्च शिक्षित, कानून के जानकार व्यक्ति को ही बनाया जा सकता है। सभापति की रेस में महिला पार्षद भी हैं। बहरहाल सभापति बनने नेता वरिष्ठों के साथ लगातार संपर्क कर रहे हैं। साथ ही विजयी भाजपा पार्षदों को भी समर्थन में लेने कोशिश में लगे हैं। सभापति की रेस में नीलेश लुनिया, अधिवक्ता तल्लीनपुरी गोस्वामी, विभा चंद्राकर, पत्रकार मेघराज ठाकुर, संतोष सोनकर आदि हैं जो पार्टी के वरिष्ठों की श्रेणी में हैं।

# मधुमक्खियों के हमले से दर्जनभर घायल

**कलेक्टोरेट पहुंच मार्ग पर सेंट जेवियर्स स्कूल के सामने की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टोरेट रोड में मधुमक्खियों ने दर्जनभर से अधिक लोगों को घायल कर दिया। लोग इधर उधर दौड़ रहे थे। एक व्यक्ति तो बुरी तरह से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

जिले का सबसे बड़ा सरकारी दफ्तर कलेक्टोरेट मधुमक्खियों के नाम पर संवेदनशील हैं। गुरुवार को फिर यहां पर मधुमक्खियों ने आने-जाने वालों पर हमला कर दिया। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। कलेक्टोरेट पहुंच मार्ग पर सेंट जेवियर्स स्कूल के सामने मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों ने पर हमला कर कर दिया। इस मार्ग पर दिनभर लोगों का आनाजाना लगा रहता है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में लोग आ जा रहे थे। कुछ तो बचकर निकल गए लेकिन कई लोग मधुमक्खियों की चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले से वे इतने आहत हो गए कि अपनी बाइक, साइकिल आदि छोड़कर पागलों की तरह सड़क पर भागने लगे। कुछ लोगों के कपड़े के अंदर मधुमक्खी घुस गए थे। उन्होंने शर्ट उतार दी। इससे समस्या और बढ़ गई। मधुमक्खियों ने उनके पूरे शरीर पर डंक मारना शुरू कर दिया। मधुमक्खियों की चपेट में आने के डर से लोगों ने आहत लोगों की मदद करने से भी परहेज किया। एक व्यक्ति को तो मधुमक्खियों ने करीब आधे घंटे तक घेरे रखा। वह स्कूटी छोड़कर सड़क पर दौड़ रहा था। बाद में एक आटोरिक्शा वाले ने मदद की। मधुमक्खियों से घिरे होने के बाद भी चालक ने उसे आटोरिक्शा में बिठाया और तेजी से आगे गया। उसे वह सीधा जिला अस्पताल ले गया। जहां पर उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

#### कलेक्टोरेट का कर्मचारी, सब्जी व्यवसायी आहत

मधुमक्खियों के हमले से कलेक्टोरेट का कर्मचारी राघवेंद्र भी आहत हुआ। गमछा ओढ़कर उसने अपनी जान बचाई। सब्जी व्यवसायी मोहनी साहू भी पसरा छोड़कर दूसरी जगह पनाह ली। उसने बताया कि मधुमक्खियों ने काफी आक्रामक तरीके से हमला किया था। साड़ी का पल्लू ओढ़कर उसने अपनी रक्षा की। अन्य लोगों को मधुमक्खियों ने काफी आहत किया।

#### भखारा में भी हुई थी घटना

बुधवार को भखारा के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का उत्सव चल रहा था। इसी दौरान मंदिर में मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। इस हमले से मंदिर में अफरातफरी मच गई। करीब 10 लोग घायल हो गए। अभिजीत जैन को मधुमक्खियों ने बुरी तरह से घायल कर दिया था, जिसके चलते उसे आईसीयू में एडमिट करना पड़ा। बाकी 9 लोगों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# गौशाला के नाम पर अवैध चंदा उगाही की शिकायत

- **एसपी से लगाई गुहार : रायपुर के एक तथाकथित संत पर लगाए कई गंभीर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

रायपुर निवासी रत्नेश मिश्रा और विनोद सचदेव कुरुद ने रायपुर के एक तथाकथित संत अमनदत्त ठाकुर द्वारा कुरूद के बोदाछापर में संचालित कथित सर्वसाहा गौशाला के नाम पर लाखों का अवैध चंदा उगाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि यह गौशाला मात्र दिखावा है, जहां निरीक्षण के दौरान सिर्फ एक पोस्टर लगा मिला, लेकिन गौशाला जैसी कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। शिकायत में बताया गया कि श्री राधाकृष्णालय गुरुबाड़ी कुशालपुर के नाम से यूनियन बैंक लिली चौक रायपुर में संचालित खाते में 14.74 लाख से अधिक की धनराशि गौसेवा के नाम पर ली गई। इस धनराशि को कथित संत द्वारा 2 चेलों के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया और सबूत मिटाने के लिए यूट्यूब चैनल आध्यात्म की विरासत से संबंधित वीडियो भी डिलीट कर दिए गए। शिकायतकर्ताओं ने संत अमनदत्त पर कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं, जिसमें गर्भ पूर्व लिंग परीक्षण का दावा, महिलाओं को टोनही बताकर मानसिक प्रताडना, पूर्व शिष्या को



डिप्रेशन में पहुंचाकर आत्महत्या की स्थिति तक ले जाना, कन्याओं को यूटरस निकालने के लिए प्रेरित करना, ब्रह्मचर्य सिद्धांतों के विपरीत कन्याओं से अपनी सेवा कराना और धर्म की आड़ में अन्य संतों का अपमान करना शामिल है। शिकायतकर्ताओं ने इन सभी आरोपों के समर्थन में बैंक डिटेल, ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य दस्तावेज पुलिस को सौंपे हैं। अमन दत्त ठाकुर के खिलाफ विधि सम्मत धाराओं के तहत मामला दर्ज करने एवं बैंक खातों पर रोक लगाने की मांग की है। इस मामले में संत अमनदत्त ठाकुर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया।

# नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षद कल लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 1 मार्च शनिवार को प्रातः 11 बजे गांधी मैदान सिटी कोतवाली के पास धमतरी में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी जिले के प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर होंगे। ज्ञात हो कि भाजपा के 27, कांग्रेस के 8 तथा 5



निर्दलीय पार्षदों के साथ भाजपा के महापौर जगदीश रामू रोहरा पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। नगर पालिक निगम धमतरी की प्रशासक कलेक्टर धमतरी और आयुक्त प्रिया गोयल ने धमतरीवासियों से कार्यक्रम में उपस्थिति होने की अपील की है।

# विधायक अंबिका ने भीमा कोटेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

महाशिवरात्रि पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने श्री भीमा कोटेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी एवं युवा कांग्रेस के महासचिव कोको पाढ़ी भी उपस्थित थे। पूजा-अर्चना के दौरान भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं महाआरती की गई। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर है। विधायक ने मंदिर में श्रद्धालुओं से मुलाकात की और



उनके सुख-दुख को साझा किया। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के प्रति हमारी आस्था हमें सशक्त बनाती है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है। भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डीलन की हैट्रिक जीत तीसरी बार बने सरपंच

- **ग्राम दहदहा और आश्रित ग्राम मौरीखुर्द के मतदाता लगातार 25 वर्षों से चंद्राकर परिवार पर जता रहे भरोसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारी उथल-पुथल के साथ ग्राम पंचायत दहदहा के कांग्रेस प्रत्याशी डीलन चंद्राकर ने हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ग्राम पंचायत दहदहा की जनता ने उन्हें तीसरी बार सरपंच बनाकर एक नया इतिहास रच दिया है। इससे पूर्व उनकी पत्नी श्रीमती करुणा चंद्राकर भी दो बार सरपंच रह चुकी हैं। ग्राम पंचायत दहदहा और आश्रित ग्राम मौरीखुर्द के मतदाता लगातार 25 वर्षों से चंद्राकर परिवार पर भरोसा जता



रहे हैं। मतदाताओं ने डीलन चंद्राकर को 120 मतों से लीड कराते हुए तीसरी बार अपना सरपंच चुना। डीलन की ऐतिहासिक जीत पर पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

विदित हो कि डीलन चंद्राकर एक मिलनसार व्यक्ति हैं। गांव वालों की माने तो बिना भेदभाव के डीलन सभी लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल होते हैं। इस अवसर पर नव निर्वाचित सरपंच श्री चंद्राकर ने अपनी तीसरी बार जीत के बाद जनता का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने हार गुलाल के साथ उनका स्वागत किया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने विधायक से लिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा भठेली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने सभी 12 पार्षदों के साथ विधायक अजय चंद्राकर से उनके आवास पर भेंटकर आभार व्यक्त करने के साथ ही मार्गदर्शन लिया। उल्लेखनीय है कि यहां के सभी विकास कार्य उनकी सोच का ही परिणाम है। विधायक की दूरदृष्टि से ही यह नगर मशहूर हो गया है। विधायक की सोच के अनुरूप यहां के लोगों के जीवन स्तर एवं सोच भी ऊंची हो ऐसी अपेक्षा लेकर वे चल रहे हैं। इसमें नगर पंचायत बॉडी का भरपूर सहयोग मिलेगा। वैसे भी पहली बार सम्पूर्ण सिस्टम में एक ही पार्टी का नेतृत्व स्थापित हुआ है। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पार्षदगण शामिल थे। सबने राम मंदिर में भगवान के दर्शन किये। प्रतिभा चंद्राकर से भी भेंट की।

# मार्च में तापमान में 3 से 4 डिग्री की होगी वृद्धि, उत्तरी हवाओं का असर खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्च माह के आरंभ होने के साथ ही जिले में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में मौसम साफ है और उत्तरी हवाओं का असर खत्म हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी दो दिनों में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। सिनोप्टिक सिस्टम निरंक है। मौसम शुष्क रहेगा। माना जा रहा है कि दो दिन बाद अधिकतम तापमान 37 से 38 तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है।

# पुलिस ने गुम मोबाइल को रिकवर कर धारकों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मोबाइल तलाश अभियान के तहत गुम मोबाइल को रिकवर कर धारकों को लौटाकर उनके चेहरे पर मुस्कुराहट ला दी है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सभी थानों में गुम मोबाइल के लिए आपरेशन मोबाइल तलाश चलाकर गुम हुए मोबाइल को रिकवर करने के निर्देश दिए हैं। आदेश का पालन करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने आपरेशन मोबाइल तलाश अभियान के तहत चार गुम हुए मोबाइल को तकनीकी टीम के सहयोग से तलाश कर उसके मालिकों को लौटा दिया। सिटी कोतवाली में कई लोगों द्वारा मोबाइल फोन के गुम जाने के संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कोतवाली पुलिस टीम ने मोबाइल तलाश अभियान पर काम करते हुए टेक्नालाजी की सहायता से गुम चारों मोबाइल को बरामद किया। सिटी कोतवाली से बुधवार को गुम मोबाइल धारकों रितेश देवांगन निवासी नागदेव मंदिर चौक धमतरी, श्वेतकुमार साहू ग्राम खपरी देमार, शिक्षिका झामिन साहू कुम्हारपारा व रूपेश साहू को उनका मोबाइल सौंप दिया। अपना गुम हो चुके मोबाइल को वापस पाकर धारकों ने कोतवाली पुलिस के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे अपना मोबाइल पाकर काफी खुश हैं। गुम मोबाइल को रिकवर करने में कोतवाली से प्रआ यशवंत भू आर्य, डिलेश्वर कुजुर, आरक्षक रवि चेलक व खोलेश्वर रावत का योगदान रहा।



**पुलिस चला रही आपरेशन मोबाइल तलाश अभियान**






## खबर संक्षेप

### भखारा तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 को

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक 4 मार्च को सुबह 11 बजे त्रिकुटीधाम कोसमर्रा भखारा में रखी गई है। सदस्यों से उपस्थिति की अपील सचिव घनाराम साहू ने दी है।

### पुनूराम की कहानी का प्रसारण 4 को

**मगरलोड।** अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू की



छत्तीसगढ़ी कहानी कोरा हरियागे का प्रसारण 4 मार्च को मोर भुइंया कार्यक्रम में प्रातः 8:30 बजे छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ होगा। विदित हो कि पुनूराम साहू राज पिछले 50 वर्ष से आकाशवाणी के प्रसारणों से जुड़े हुए हैं और अब तक कहानी, कविता, वार्ता आदि अनेक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण कर चुके हैं।

### मजदूरी और भाड़ा खर्च नहीं निकलने से मवेशियों के हवाले कर रहे सब्जी

# हरी सब्जियों के दाम हुए धड़ाम, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हरी सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आने से सब्जी उत्पादक किसानों की हालत पतली हो गई है। मजदूरी, भाड़ा खर्चा नहीं निकल पाने की स्थिति में किसान अपनी उपज को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कि लोकल आवक बढ़ने से हरी सब्जियों के दाम धड़ाम हो गए हैं।

इन दिनों थोक सब्जी मंडी में टमाटर, गोभी, बैंगन, पत्तागोभी, नवलगोल, लौकी, बरबटी की आवक भरपूर हो रही है। उत्पादन और खपत में भारी अंतर होने से हरी सब्जियों के दाम 3 से 5 रूपये किलो के आसपास हो गए हैं। भुसरेंगा में करीब 30 एकड़ पर सब्जी की खेती करने वाले युवा कृषक हर्षवर्धन चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने सोचा था कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में प्रदेश में सब्जियों की खूब मांग होगी लेकिन इसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को नहीं मिला। लोकल आवक बढ़ने से हरी सब्जियों के दाम इस तरह गिर गए कि मेहनत से तैयार फसल को मवेशियों को खिलाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम की अनुकूलता और बड़े रकबे में सब्जी फसल लेने तथा अन्य प्रदेशों से सब्जी का आयात होने से मांग और आपूर्ति गड़बड़ी गई है। उनका कहना है कि सरकार को पहल करते हुए नुकसान उठा रहे किसानों को राहत देनी चाहिए।



#### बोहार भाजी और मुनगा दे रहा है भाव

थोक सब्जी मंडी से मिली जानकारी के अनुसार लोकल आवक से सब्जियों के दाम गिरे हुए हैं। वहीं बाहर से आ रहे मुनगा 55 रूपये किलो, सेमी 30 से 40 रूपये किलो, खरबूजा 50 रूपये में बिक रहा है। बाजार में बोहारभाजी की आवक शुरू हो गई है। थोक में यह 200 रूपये किलो तथा चिल्हर बाजार में 400 रूपये किलो बिक रही है।

धमतरी थोक सब्जी मंडी के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश यादव, विनोद चुगवानी ने बताया कि रबी फसल में धान फसल लेने वाले किसानों ने इस बार सब्जी फसल को प्राथमिकता दी है। इससे लोकल आवक बढ़ गई है। इससे पिछले पखवाड़े भर से सब्जी के दाम में भारी गिरावट आई है। गुरूवार को थोक में बैंगन 5 से 8 रूपये किलो, नवलगोल 6 से 8 रूपये, गोभी 8 से 10 रूपये, कुम्हड़ा 10 से 12 रूपये, टमाटर 4 से 6 रूपये, गाजर 10 से 12 रूपये, खीरा 10 से 15 रूपये, हरी मिर्च 15 से 20 रूपये, पत्तागोभी 4 से 5 रूपये, आलू 12 से 15 रूपये, प्याज 30 रूपये, मटर 20 से 25 रूपये, शिमला मिर्च 15 रूपये, फर धनिया 20 रूपये, पत्ता धनिया 30 रूपये, भिंडी 25 रूपये, भटा 5 से 8 रूपये, प्याजभाजी 20 से 25 रूपये, कलिंदर 12 से 15 रूपये, कुंदरू 40, गवारफल्ली 50 रूपये रहा। उन्होंने बताया कि ककड़ी 1 नंबर 20 रूपये किलो तथा 2 नंबर ककड़ी मवेशी खिलाने के काम आ रही है।



# जनता की सेवा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगा

- जिपं क्षेत्र क्र. 12 से ऐतिहासिक जीत पर अरुण सार्वा ने वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से 15,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने वाले अरुण सार्वा ने अपनी इस प्रचंड जीत के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, समर्पित कार्यकर्ताओं, मतदाताओं और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। अरुण सार्वा ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के विश्वास, भाजपा के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की जीत है। उन्होंने इस अपार समर्थन के लिए जनता को धन्यवाद देते हुए इसे लोकतंत्र और विकास की जीत बताया। अरुण सार्वा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तर के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन और संगठनात्मक क्षमता ने इस जीत को सुनिश्चित किया। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत पार्टी नेतृत्व की दूरदृष्टि और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। हर कार्यकर्ता ने इसे अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझकर परिश्रम किया, और उनकी निष्ठा ने हमें यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने क्षेत्र की जागरूक जनता और मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उन्हें भारी समर्थन दिया। साथ ही उन्होंने मीडिया कर्मियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने निष्पक्ष और सटीक सूचना प्रसार कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया।

#### जनसेवा और विकास के प्रति संकल्पबद्ध

अरुण सार्वा ने इस विजय को जनता



की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित करते हुए कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहूंगा।

# महाशिवरात्रि पर ब्रम्हाकुमारी संस्था ने निकाली आध्यात्मिक रैली





- शिव हमें सत्य, शांति, प्रेम और आनंद से भरपूर जीवन जीने की राह दिखाते हैं: बीके सरिता

**नगरी।** महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी के तत्वावधान में आध्यात्मिक शिव संदेश रैली निकाली गई। इस विशाल कार रैली एवं कलश यात्रा का शुभारंभ सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने हरी झंडी दिखाकर किया। पूरा नगर में शिव भक्ति से सराबोर हो गया। झांकी, नृत्य और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

राजयोगिनी बीके भावना के मार्गदर्शन में आध्यात्मिक रैली ब्रम्हाकुमारी केंद्र से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण पर निकली। शोभायात्रा के दौरान शिव दर्शन झांकी, भजन, नृत्य और संकीर्तन आकर्षण का केंद्र रहे। रैली के उपरांत ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में शिव झंडा वंदन के साथ मंचीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में धमतरी से बीके सरिता ने शिरकत की। उनके साथ नपं नगरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी एवं दुर्गेश नंदिनी, पार्षद चेलेश्वरी साहू, विनीता कोठारी, डाकेश्वरी साहू, राजा पवार थे।

इस अवसर पर बीके सरिता ने कहा जिस प्रकार सूर्य के आते ही अंधकार मिट जाता है, उसी प्रकार शिव परमात्मा के अवतरण से जीवन का अज्ञानता रूपी अंधकार समाप्त हो जाता है। शिव हमें सत्य, शांति, प्रेम और आनंद से भरपूर जीवन जीने की राह दिखाते हैं। हमें रोज ज्ञान रूपी स्नान करना चाहिए, जिससे आत्मिक शुद्धि और आध्यात्मिक जागरण संभव हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी दिशाहीन होती जा रही है, जो चिंता का विषय है। उन्हें अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और सृजनात्मक कार्यों में लगाना चाहिए ताकि एक सशक्त भारत का निर्माण हो सके। जनपद सदस्य श्रीमती दुर्गेश नंदिनी ने कहा कि ब्रम्हाकुमारी बहनों द्वारा दिए गए ज्ञान को यदि हम अपने जीवन में अपनाएं, तो हमारा जीवन दिव्य और सार्थक बन सकता है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और परमात्मा से जुड़कर राजयोग का अभ्यास करने का संकल्प लिया।

# मानस महोत्सव का समापन आज



#### ख्यातिप्राप्त मंडलियां दे रही प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम भाठागांव, गोबरा, चरमुड़िया, भुसरेंगा में ग्रामवासियों के सहयोग से 26 से 28 फरवरी तक मानस महोत्सव का आयोजन किया गया है। ग्राम भाठागांव में पंडित नरसिंह शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही मानस महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

26 और 27 फरवरी को छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसका दर्शकों ने काफी आनंद लिया। व्याख्या, संगीत भजन के साथ ही आज मानस महोत्सव का समापन होगा।

# सिंधु बैस ने निकाली आभार रैली



**अंवरी।** जनपद पंचायत कुरुद के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से निर्वाचित जनपद सदस्य सिंधु अजय बैस ने 1224 मतों से विजय प्राप्त की है। बता दें कि क्षेत्र की जनता ने सिन्धु बैस पर भरोसा जताते हुए उन्हें विजयी बनाया। अपनी इस जीत पर उन्होंने अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम कोसमर्रा, देवरी, सिहाद, दर्री में आभार रैली निकालकर लोगों का आभार प्रकट किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सिंधु बैस का गुलाल लगाकर, फूल माला पहनाकर व आरती उतार कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सिन्धु बैस ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 10वीं बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में
जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 5 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

HIRING TEACHERS
KINDERGARTEN PRIMARY & SECONDARY
VKMS Group is now hiring qualified teachers for Kindergarten Primary and Secondary Sections.
REGISTER YOUR CANDIDATURE ON : vkmemorialschool.org
FOUNDATION SECTIONS
- KG Teacher/ Asst. Teacher - 04 Graduate and good command over English
- Computer Teacher - 01 (MCA/BCA with Good Computer Knowledge)
- PE Teacher - 02 (Male & Female) (BPED)
PRIMARY & MID PRIMARY SECTION
- Hindi Teacher - 01 (B.A, B.Ed/D.led)
- Science Teacher - 01 (B.Sc, B.Ed)
- Sanskrit Teacher - 01 (M.A, B.Ed)
- Mathematics Teacher - 01 (M.Sc., B.Sc., B.Ed)
- English Teacher - 01 (M.A. English)
SECONDARY SECTIONS (PGT)
- Physics/Mathematics/Biology - 03 (M.Sc, B.Ed)
- Economics/Social Science/Commerce Teacher - 03 (M.com, M.A. Eco. B.Ed)
PLEASE NOTE : Walk in Interview on 3rd March 2025 from 11am to 2pm with all your resumes Excellent verbal and written communication skills in English.
CONTACT US - 8889995560, 7000205582, 8770579279

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
श्री राम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी में
दिनांक : 28 फरवरी 2025 | समय : शाम 3 बजे से 4 बजे तक
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिब्येंदु डे
वरिष्ठ सलाहकार - हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी
एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम (क्लिनिकल हेमेटोलॉजी)
95 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- खून की कमी
- सिकल सेल एनीमिया
- मुँह में अल्सर या गले में गांठ
- मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- थकान
- निगलने में कठिनाई
- स्वर बैठना या आवाज में बदलाव
- रक्तस्त्राव या चोट ना भरना
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
74711 30319, 82828 24444, 76978 22888

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 11,500/
रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579